# विषय : गणित

**Set-A**

**नोट :** सभी प्रश्न हल कीजिए।

**निर्देश :** (i) कैलकुलेटर के प्रयोग की अनुमति नहीं है।

(ii) प्रश्न क्रमांक 1 में दो खण्ड हैं। खण्ड (अ) बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड (ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति करना है। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक आबंटित है।

(iii) प्रश्न क्रमांक 2 से 9 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक आबंटित हैं।

(iv) प्रश्न क्रमांक 10 से 15 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक आबंटित हैं।

(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 21 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक आबंटित हैं।

(vi) प्रश्न क्रमांक 22 से 25 तक लघुउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक पश्न पर 5 अंक आबंटित हैं।

(vii) प्रश्न क्रमांक 26 एवं 27 दीर्घउत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में आंतरिक विकल्प है। प्रत्येक प्रश्न पर 6 अंक आबंटित हैं।

**(खण्ड-अ)** सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(i) यदि $\frac{a}{b}, \frac{c}{d}$ और $\frac{e}{f}$ तीन अनुपात हों, तो उनका मिश्र अनुपात होगा–

(अ) $abc : def$ (ब) $abd : cef$

(स) $ace : bdf$ (द) $bdf : ace$

(ii) किसी समांतर श्रेणी का $n$वाँ पद $2n + 5$ है, तो श्रेणी का 18वाँ पद होगा–

(अ) 7 (ब) 9

(स) 39 (द) 41

(iii) बिन्दुओं (1, 3) और (3, 1) द्वारा संयुक्त रेखा खंड के मध्य-बिन्दु का निर्देशांक होगा–

(अ) (2, 2) (ब) (-2, -2)

(स) (4, 4) (द) (-4, -4)

(iv) $\sin 36° - \cos 54°$ का मान होगा–

(अ) 1 (ब) 0

(स) $\sqrt{2}$ (द) $\sqrt{3}$

(v) यदि किसी लंब प्रिज्म के आधार का क्षेत्रफल 10 वर्ग सेमी. एवं ऊँचाई 2 से.मी. हो, तो उसका आयतन होगा–

(अ) 10 घन सेमी. (ब) 20 घन सेमी.

(स) 30 घन सेमी. (द) 40 घन सेमी.

1. **(खण्ड ब)** रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) 180° का मान .......... रेडियन होता है।

(ii) दो समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात 25 : 16 है, तो उनके दो संगत भुजाओं का अनुपात ........ होगा।

(iii) अर्धवृत्त का अंश माप .......... होता है।

(iv) संख्या 5 का '9 का पूरक' ......... है।

(v) चर 3, 2, 3, 2, 2 की माध्यिका .......... होगी।

2. $(101)_2$ को द्विआधारी प्रणाली से दशमलव प्रणाली में बदलिए।

3. वर्ग समीकरण $x^2 - 2x + 1 = 0$ का विविक्तकर ज्ञात कीजिए।

4. निम्न को द्विआधारी प्रणाली से जोड़िए–
1100 + 1000

5. बिन्दुओं (4, 5) और (3, 2) के बीच की दूरी ज्ञात कीजिए।

6. समीकरण को हल कीजिए : $x^2 = 8x$

7. 60° को रेडियन में परिवर्तित कीजिए।

8. बेलन के आधार का क्षेत्रफल $4\pi$ वर्ग सेमी. और ऊँचाई 7 सेमी. है, तो उसका आयतन ज्ञात कीजए।

9. $\Delta ABC$ में $DE \parallel BC$ तथा $AD = 3$ सेमी., $DB = 5$ सेमी, $AE = 6$ सेमी. है, तो $EC$ का मान ज्ञात कीजिए।

10. परिमेय व्यंजक $\frac{x-4}{x+1}$ और $\frac{x+6}{x+1}$ का योगफल ज्ञात कीजिए।

11. यदि हो, तो $x : y$ का मान ज्ञात कीजिए।

12. यदि $\alpha$ और $\beta$ वर्ग समीकरण $ax^2 + bx + c = 0$ के मूल हों, तो $\frac{1}{\alpha} + \frac{1}{\beta}$ का मान ज्ञात कीजिए।

13. रजत ने बैंक में ₹ 100 प्रतिमाह का 10 वर्ष के लिए आवर्ती जमा खाता खोला। कितने प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से उन्हें बैंक द्वारा ₹ 3,025 ब्याज प्रदान किया जाएगा ?

14. दिखाइए कि $\tan^4\theta + \tan^2\theta = \sec^4\theta - \sec^2\theta$

15. उस शंकु की तिर्यक ऊँचाई क्या होगी, जिसका वक्रपृष्ठ 352 वर्ग मीटर है और आधार का व्यास 7 मीटर है ?

16. किसी $\Delta ABC$ में $\angle B$ अधिक कोण है। यदि $AD \perp CB$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि

$AC^2 = AB^2 + BC^2 + 2BC.BD$

**अथवा**

किसी $\Delta ABC$ में $AB = AC$ और $D$ भुजा $BC$ पर कोई बिन्दु है, तो सिद्ध कीजिए कि

$AB^2 - AD^2 = BD.CD$

17. निम्न सारणी का बहुलक ज्ञात कीजिए–

| वर्गान्तर | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 |
|---|---|---|---|---|---|
| आवृत्ति | 5 | 7 | 12 | 32 | 20 |

**अथवा**

एक थैले में 5 लाल तथा 7 सफेद गेंदें हैं। यदि एक गेंद यदृच्छया निकाली जाए, तो इसकी क्या प्रायिकता होगी कि निकाली गई गेंद (i) लाल होने की, (ii) सफेद होने की ?

18. एक ठोस शंकु की ऊँचाई 10 सेमी. है और इसका व्यास 20 सेमी. है। इसे गलाकर 2 सेमी. व्यास वाले कितने गोले बनाए जा सकते हैं ?

**अथवा**

6 सेमी. त्रिज्या के एक ठोस गोले को पिघलाकर तीन गोलियाँ बनाई गयी हैं। दो गोलियों की त्रिज्याएँ 3 सेमी. व 4 सेमी. हैं। तीसरी गोली की त्रिज्या ज्ञात कीजिए।

19. सिद्ध कीजिए कि $\sqrt{\dfrac{1-\cos\theta}{1+\cos\theta}} = \operatorname{cosec}\theta - \cot\theta$

**अथवा**

सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{\sin\theta}{1+\cos\theta} + \dfrac{1+\cos\theta}{\sin\theta} = 2\operatorname{cosec}\theta$

20. सिद्ध कीजिए कि बिन्दु $(3a, 0)$, $(0, 3b)$ और $(a, 2b)$ समरेख हैं।

**अथवा**

उस त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए जिसके शीर्ष क्रमश: (2, 3), (4, 5) और (6, 2) हैं।

21. समीकरण $\dfrac{\cos\theta}{1-\sin\theta} + \dfrac{\cos\theta}{1+\sin\theta} = 4$ को हल कीजिए।

**अथवा**

किसी त्रिभुज के कोण समान्तर श्रेणी में हैं। सबसे बड़े कोण का मान 105° है। तीनों कोणों के मान अंश में ज्ञात कीजिए।

22. यदि $a : b = c : d$ हो, तो सिद्ध कीजिए कि $\dfrac{a^2+c^2}{b^2+d^2} = \dfrac{ac}{bd}$

**अथवा**

गुणनखंड ज्ञात कीजिए : $x(y^2-z^2)+y(z^2-x^2)+z(x^2-y^2)$

23. राम की वार्षिक आय (मकान किराया भत्ता को छोड़कर) ₹ 1,80,000 है। वह सामान्य भविष्य निधि में प्रतिमाह ₹ 1,800 जीवन बीमा में प्रतिमाह ₹ 1,500 तथा जी. आई. एस. में प्रतिमाह ₹ 150 जमा करता है, तो कुल आयकर की गणना कीजिए–

(a) आयकर की दर–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | ₹ 1,10,000 तक | शून्य |
| (ii) | ₹ 1,10,001 से ₹ 1,50,000 तक | 10% |
| (iii) | ₹ 1,50,001 से ₹ 2,50,000 तक | 20% |
| (iv) | ₹ 2,50,000 से ऊपर पर | 30% |

(b) शिक्षा उपकर–कुल आयकर का 3%।

**अथवा**

घनश्याम ने भारतीय स्टेट बैंक की एक शाखा में एक वर्ष के लिए ₹ 10,000 सावधि खाते में जमा किया। यदि ब्याज की दर 8 प्रतिशत वार्षिक हो, तो अवधि पूर्ण होने पर कितनी रकम प्राप्त होगी, यदि ब्याज प्रति छः माह बाद संयोजित होता है ?

24. सिद्ध कीजिए कि किसी बाह्य बिन्दु से वृत्त पर खींची गई स्पर्श रेखाओं की लम्बाइयाँ बराबर होती हैं।

**अथवा**

थेल्स प्रमेय लिखिए एवं सिद्ध कीजिए।

25. समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए–

| वर्ग अन्तराल | 0–10 | 10–20 | 20–30 | 30–40 | 40–50 | 50–60 | 60–70 | 70–80 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 5 | 7 | 4 | 9 | 20 | 7 | 8 | 3 |

**अथवा**

4 मानों के एक सेट का समान्तर माध्य 64 है। यदि इन 40 मानों में से प्रत्येक में 5 की वृद्धि कर दी जाए, तो नए मानों का समान्तर माध्य ज्ञात कीजिए।

26. 100 से 200 तक की सभी समसंख्याओं का योगफल ज्ञात कीजिए।

**अथवा**

समीकरण $\frac{x+1}{x}+\frac{x}{x+1}=\frac{5}{2}$ को हल कीजिए।

27. त्रिभुज $ABC$ का परिगतवृत्त बनाइए, जहाँ $AB = 4.5$ सेमी., $BC = 5.2$ सेमी. तथा $AC =$ 5 सेमी.।

**अथवा**

एक त्रिभुज $XYZ$ बनाइए, जहाँ $YZ = 6.5$ सेमी., $\angle X = 60°$ और $X$ से $YZ$ पर डाले गए लम्ब का पाद बिन्दु $P$, $Y$ से 4 सेमी. की दूरी पर है।